आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 09.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- दून पुस्तक महोत्सव में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा से जुड़े अनुभव साझा कर छात्रों को प्रेरित किया।
- उत्तराखंड में कल से जनगणना की शुरुआत होगी। बत्तीस हजार मकान सूचीकरण ब्लॉकों में घर–घर जाकर होगी गणना।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सितारगंज राजकीय उद्यान का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजनाओं के तहत कार्यों में तेजी लाई लाने तथा इन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री धामी, सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारभूत संरचना विकास बोर्ड–यूआईआईडीबी की चौथी बैठक में राज्य की महत्त्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूआईआईडीबी के गठन का मुख्य उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी संबंधित विभाग गंभीरता, समन्वय और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही प्रक्रियात्मक जटिलताओं को दूर करने के लिए कार्यों के सरलीकरण पर विशेष बल दिया, ताकि परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतर सकें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी छह माह के भीतर इन परियोजनाओं के तहत कार्यों की वास्तविक प्रगति दिखाई देनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक परियोजना की स्पष्ट समय सीमा निर्धारित करने और तय समयसीमा के भीतर कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना की नियमित निगरानी और समीक्षा करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसी भी स्तर पर देरी न हो।

दून पुस्तक महोत्सव

देहरादून में चल रहे दून पुस्तक महोत्सव में साहित्यिक संवाद, शैक्षणिक गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच लोगों में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर वायु सेना के पायलट और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। छात्रों ने उनसे अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सहज और प्रेरणादायक उत्तर दिया।

जिलाधिकारी

बागेश्वर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सैनिक कल्याण विभाग की त्रैमासिक बैठक में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने विभागीय कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में अधिकारियों के बिना तैयारी के उपस्थित होने और कार्यों में लापरवाही पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनके मामलों की नियमित प्रगति से अवगत कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने बैठक में उठाए गए सभी बिंदुओं का गंभीरता से अनुपालन करने और नियमित रूप से उनकी प्रगति की समीक्षा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनगणना

उत्तराखंड में जनगणना–2027 के पहले चरण की औपचारिक शुरुआत कल 10 अप्रैल से की जाएगी। मकान सूचीकरण और मकानों की गणना में करीब 32 हजार मकान सूचीकरण ब्लॉकों में घर–घर जाकर गणना की जाएगी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्व–गणना की शुरूआत करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक इवा आशीष श्रीवास्तव ने पीआईबी देहरादून के सहयोग से आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम 25 अप्रैल से 24 मई तक संचालित किया जाएगा। इससे पूर्व 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रदेशवासियों को स्व–गणना की सुविधा दी जाएगी, जिसके तहत नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर लॉग इन कर स्वयं अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे। की। इस दौरान डेटा प्रबंधन, सुरक्षा पहलुओं और डिजिटल जनगणना के लिए जागरूकता पर जानकारी भी दी गई।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने ऊधमसिंह नगर जिले के सितारगंज स्थित राजकीय गार्डन एवं पौधालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय गार्डन में तैयार की जा रही विभिन्न नर्सरियों का बारीकी से निरीक्षण किया और पौध उत्पादन की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कर्मचारियों ने विभागीय मंत्री को जानकारी दी कि गार्डन में आम, लीची और अमरूद की उन्नत प्रजातियां विकसित की जा रही हैं। विशेष रूप से अमरूद की एल–49 प्रजाति के लगभग तीन हजार पौधे तैयार किए गए हैं।

कृषि मंत्री कहा कि औद्यानिकी क्षेत्र में बेहतर कार्यप्रणाली और गुणवत्ता बनाए रखना बेहद आवश्यक है, ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता के पौधे उपलब्ध कराए जा सकें और उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर पौध उत्पादन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, जिससे क्षेत्र के किसानों को अधिक लाभ मिल सके।

अतिक्रमण अभियान

नगर निगम हरिद्वार की टीम ने विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सिंह द्वार से शंकर आश्रम तक और ब्रह्मपुरी क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई की। इस दौरान अवैध अतिक्रमण हटाया गया और अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई। अपर नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।